बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक 177140 / पटना, दिनांक 12/2/2014

सं0सं0- ग्रा0वि0-7 (6) 02/2008 खंड-1

प्रेषक,

अरविन्द कुमार चौधरी (भा0प्र0से0),
आयुक्त, स्वरोजगार ।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त,
बिहार ।

विषयः- **स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत दिनांक- 31.12.2011 तक कराये गये कार्यो की राशि का भुगतान हेतु दिशा-निर्देश देने के संबंध में ।**

प्रसंगः- विभागीय पत्रांक- 159272 दिनांक- 12.08.2013

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि उक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा आपको स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत 31.12.2011 तक कराये गये कार्यो का नियमानुसार राशि भुगतान कर देने का निदेश दिया गया था । उक्त पत्र में इस मद में दिनांक- 31.10;2013 तक सभी प्रकार के लंबित भुगतान नियमानुसार कर लेना था । तदोपरान्त शेष राशि को **SRLM** के खाते में जमा कर देना था । इसके साथ ही बैंको से **Reconciliation** भी करा लेना था । अब तक मात्र 9 जिलों ने ही यह कार्य सम्पन्न किया है । कुछ जिलों (शेखपुरा, शिवहर, भागलपुर, पटना, पूर्णियॉ, मधुबनी, आदि) ने लंबित बकायें के भुगतान के लिए अवधि विस्तार का अनुरोध किया है । चूँकि यह कार्य सम्पन्न कर लेना अति आवश्यक है ।

अतः दिनांक- 23.01.2014 की सभी उप विकास आयुक्तों की समीक्षा बैठक में हुए विमर्श के आलोक में इस अवधि में विस्तार करते हुए भुगतान हेतु अंतिम तिथि दिनांक- 20.02.2014 किया जाता है । पुनः आपसे अनुरोध है कि जिन जिलों ने अभी तक सभी भुगतान नहीं किया है, इस निर्धारित अवधि में **SGSY** के सभी लंबित बकायों का भुगतान कर लें एवं बैंक से इसके खातों का **Reconciliation** करा कर प्रतिवेदन भेंजे । यह ध्यान रहें कि भुगतान हेतु कोई आवेदन लंबित न रहें । आवेदन नियमानुसार या तो निष्पादन कर दिया जाय अथवा कारण सहित अस्वीकृत कर दिया जाय ।

(इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाय) ।

विश्वासभाजन

12/2/2014

(अरविन्द कुमार चौधरी)
आयुक्त, स्वरोजगार ।

ज्ञापांक 177140 / पटना, दिनांक 12/2/2014

प्रतिलिपिः- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12/2/2014

आयुक्त, स्वरोजगार ।

ज्ञापांक 177140 / पटना, दिनांक 12/2/2014

प्रतिलिपिः- माननीय, मंत्री जी के आप्त सचिव एवं प्रधान सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग बिहार, को सूचनार्थ प्रेषित ।

12/2/2014

आयुक्त, स्वरोजगार ।

11/2/14